फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 253 पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
09 मार्च 2025 रविवार

# दोपहर मेट्रो
बेबाक खबर हर दोपहर

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम



Page-5

# आज गेमचेंजर कौन, बल्लेबाज या बॉलर या टॉस!



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

चैंपियंस ट्रॉफी के 9वें संस्करण का सफर आज आखिरी पढ़ाव पर है। दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में फाइनल महामुकाबला दो चैंपियन टीमों के बीच शुरू होने वाला है और इसके रोमांचक होने की पूरी उम्मीदें हैं। जहां टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पटखनी दी, वहीं न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को हरा कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है। इन्ही टीमों ने अभी तक शानदार क्रिकेट खेलकर खिताबी मुकाबले की रेस जीती है। टीम इंडिया जहां अभी तक मौजूदा टूर्नामेंट में अजेय है और सभी मैच एकतरफा अंदाज में जीते हैं, वहीं न्यूजीलैंड को सिर्फ एक मैच में ही हार मिली। वह भी टीम इंडिया के खिलाफ ही हारा। टॉप रैंकिंग प्राप्त 8 टीमों के इस महाकुंभ को करीब 8 साल के लंबे इंतजार के बाद आज अपना नया विजेता मिलेगा। 2013 की चैंपियन टीम इंडिया 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पाकिस्तान से हारी और लगातार दूसरा खिताब जीतने से चूकी। मतलब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में टीम इंडिया की लगातार तीसरी यात्रा होगी, जिससे वह ऐसा करने वाली पहली टीम है। अब अगर रोहित ब्रिगेड न्यूजीलैंड को फाइनल में मात देने में कामयाब रही तो टीम इंडिया इतिहास रच देगी। गौरतलब है कि कोई भी टीम 1998 से शुरू हुए आईसीसी खिताब को 3 बार अपने नाम



नहीं कर सकी है। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के लिहाज से फाइनल बेहद अहम है। पिछले 4 सालों में उनकी ही कप्तानी में टीम इंडिया ने 4आईसीसी फाइनल में जगह बनायी है, जिसमें एक बार ही टीम विजेता बन सकी है। पिछले कई समय से अपनी बल्लेबाजी की वजह आलोचकों के निशाने पर रहे रोहित के भविष्य की पारी का दारोमदार भी काफी हद तक यह फाइनल तय करेगा। इतिहास और कप्तान के भविष्य से हटकर अगर इस मुकाबले की बात करे तो फिर दोनों टीमों के पास इन-फॉर्म खिलाड़ियों की फौज है,जो वनडे क्रिकेट के बड़े महारथी हैं। न्यूजीलैंड की जीत में जहां बल्लेबाजों के किरदार निर्णायक रहा है, तो टीम इंडिया की जीत में गेंदबाजों का बोलबाला रहा है। टीम इंडिया की जीत में गेंदबाजों की अहमियत अधिक होने की वजह साफ है कि गेंदबाजों ने सभी मुकाबलों में विपक्षी टीम को ऑल आउट किया। मतलब साफ है कि मुकाबला टीम इंडिया के गेंदबाज बनाम न्यूजीलैंड के बल्लेबाज के बीच की जंग ही जीत हार को तय करेगा। यूं तो फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर बैटिंग करना ही सही माना जाता है क्योंकि बड़े मुकाबले का स्कोर बोर्ड दवाब कहा जाता है। साफ है, आज के मुकाबले में भी टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करना चाहेगी। लेकिन अहम बात यह कि पिछले चार टाइटल मुकाबले टॉस हारने वाली टीम ने जीते हैं! बहरहाल, चैंपियंस ट्रॉफी का विजेता कौन होगा यह तो रात को पता चलेगा लेकिन कोई शक नहीं कि आज का यह सुपर संडे क्रिकेट के चाहने वालों के लिए बेहद रोमांचक और दिलचस्प तो है ही।

## मैच के बाद.. रोहित का सन्यास

चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के साथ ही कई लोगों को मैच के बाद की भी चिंता हो चली है। दरअसल, चर्चा यह तेज हो गई है कि कप्तान रोहित शर्मा इस मुकाबले के बाद संन्यास का ऐलान कर सकते हैं। रोहित को लेकर एक और बात सामने आई है कि वे चैंपियंस ट्रॉफी के बाद रोहित वनडे में अपने भविष्य को लेकर चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर के साथ चर्चा कर सकते हैं। गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट में देखा गया है कि सेलेक्टर्स किसी बड़े खिलाड़ी के भविष्य को लेकर फैसला नहीं करते हैं बल्कि खिलाड़ी स्वयं इसको लेकर बोर्ड के टॉप पदाधिकारियों से बात करते हैं।

### कल से सत्र की शुरुआत, दोनों तरफ से तैयारी जोरदार, 12 को पेश होगा बजट

# मप्र विधानसभा के बजट सत्र में छलकेंगे सियासी अदावत के रंग

भोपाल ,दोपहर मेट्रो



होली के रंगों से पहले मप्र में सियासत के रंग सुर्ख हो रहे हैं। कल से विधानसभा का बजट सत्र इसे और गाढ़ा कर सकता है। इस सत्र में सत्तारूढ भाजपा ने अपनी उपलब्धियों के रंग बिखेरने की तैयारी में सभी विधायकों को जुटाया हुआ है तो प्रतिपक्ष कांग्रेस ने सरकार को घेरने के लिये खास मुद्दों पर होमवर्क कर अपनी तैयारी की है। सत्र की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी और 12 मार्च को आगामी वित्त वर्ष के लिये सरकार अपना बजट पेश करेगी। उधर होली के पहले आज मुख्यमंत्री मोहन यादव पारंपरिक लोक पर्व भगोरिया में पहुंचे हैं। शाम को मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी यहां पहुंच सकते हैं। इधर बजट सत्र शुरू होने से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर बेबुनियाद मामलों को उठाने का आरोप लगा दिया है और कहा कि उनकी पत्नी ने ही उन पर गंभीर आरोप लगाकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इसलिए पहले उमंग सिंघार को अपनी पत्नी की ओर से गंभीर आरोपों का जवाब देना चाहिए। हालंकि सिंघार ने वीडी का जवाब दिया है कि बजट सत्र के पहले भाजपा डर गई है, सत्ता और संगठन घबराए हुए हैं तथा बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। सिंघार ने वीडी नाम लेते हुए कहा कि आप क्या परिवहन घोटाले से घबरा रहे हैं या नर्सिंग घोटाला आपको परेशान कर रहा है ? मप्र विधानसभा शुरू होने से पहले ही हंगामे के बादल छा रहे हैं। कांग्रेस जहां सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश में है, वहीं भाजपा ने विपक्ष को मुद्दाविहीन बता दिया है। कम सत्रावधि को लेकर भी कांग्रेस एतराज जता रही है। नौ बैठकों वाले इस सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस की संभावना है। एक मंत्री और एक पूर्व मंत्री भी कांग्रेस के निशाने पर है। दरअसल, सिंघार ने मोबाइल नंबर जारी कर लोगों से अपील कर रखी है कि यदि अपराधों और भ्रष्टाचार के मामले में लोगों के पास कोई सबूत है तो वह भेजें, ताकि इसे विधानसभा के पटल पर उठाए जा सके। सिंघार ने कहा है कि अपराध, दलितों पर अत्याचार, माफिया राज से जुड़े कोई भी सबूत लोगों के पास हो तो वे कांग्रेस को उपलब्ध कराएं।

## राजकीय पर्व में सीएम, गेर के साथ निकले

उधर सीएम मोहन यादव झाबुआ में भील महासम्मेलन में शामिल होंगे और भगोरिया उत्सव का आनंद लेंगे। वे दिलीप क्लब परिसर से पारंपरिक गेर के साथ बस स्टैंड तक पहुंच रहे हैं। इस दौरान 200 से अधिक ढोल-मांदल की थाप और हजारों ग्रामीणों की मौजूदगी में वे आदिवासी संस्कृति जीवंत हो रही है। उनके लिये खासतौर पर भगोरिया के झूले की व्यवस्था भी की गई है।

## बजट सत्र तब 76 दिन का, अब 9 दिन

विधानसभा सत्र की अवधि कम होने पर कांग्रेस के एतराज के बीच इतिहास पर नजर डाली जाए तो पिछले 25 सालों में बजट सत्र की अवधि लगातार कम हो रही है। कभी 76 दिनों तक चलने वाला बजट सत्र अब महज 15 दिन तक सीमित है। इससे पहले 2020 में बजट सत्र सिर्फ एक दिन ही चला। तब कोरोना की स्थितियां थी, तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी इस्तीफा दे दिया था। फिर भाजपा सरकार बनी और कोविड के चलते केवल तीन दिन का ही बजट सत्र रखा। इसके बाद से ही बजट सत्र 20 दिन से ज्यादा नहीं चला है. कई बार हंगामें के चलते सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित भी हुआ। पिछले दिनों नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार कांग्रेस विधायकों संग राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात कर इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया था।

# सीरिया में बिगड़े हालात, एक हजार से ज्यादा मौतें

नईदिल्ली, एजेंसी

सीरिया में हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। सुरक्षा बलों और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल असद के समर्थकों के बीच दो दिनों से चल रही खूनी हिंसा में एक हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इसे पिछले 14 वर्षों में सीरिया के भीतर सबसे बड़ी हिंसा बताया जा रहा है। ब्रिटेन स्थित सीरियाई मानवाधिकार पर्यवेक्षक के अनुसार, मृतकों में 745 ऐसे नागरिक शामिल हैं जिन्हें बेहद करीब से गोली मारी है। इसके अलावा, 125 सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य और 148 असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के उग्रवादी भी मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार, लताकिया शहर के आसपास बड़े क्षेत्रों में बिजली और पीने का पानी बंद कर दिया गया है। सरकार ने कहा कि वे असद के समर्थकों द्वारा किए गए हमलों के खिलाफ एक्शन ले रहे हैं। उन्होंने बड़े पैमाने पर हुई इस हिंसा के लिए अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा की गई कार्रवाइयों को जिम्मेदार ठहराया। सीरिया में हालिया झड़पें तब शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने गुरुवार को तटीय शहर जबलेह के पास एक वांछित व्यक्ति को हिरासत में लेने की कोशिश की। इस दौरान असद के वफादारों ने उन पर घात लगाकर हमला कर दिया।

# न्यूयार्क के जंगल धधके, आपातकाल का ऐलान

न्यूयार्क, एजेंसी

अभी अमेरिका पिछले महीने की लॉस एंजिल्स की भीषण आग को भूला भी नहीं था कि अब न्यूयॉर्क में एक और जंगल की आग भड़क उठी है। न्ग आइलैंड के एक समृद्ध क्षेत्र हैम्पटन के पास अलग-अलग स्थानों पर भीषण जंगली आग से न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने इस क्षेत्र में आपातकाल की घोषणा कर दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेस्टहैम्पटन सहित प्रभावित इलाकों में घने काले धुएं के बादल आसमान में फैले हैं, आग की गंभीरता देखते हुए आसपास के कई कस्बों के अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों को इलाके से तुरंत बाहर निकलने की चेतावनी दी है। न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। सेंटर मोरिचेस, ईस्ट मोरिचेस, ईस्टपोर्ट और वेस्टहैम्पटन में लगी भीषण जंगल की आग ने लॉन्ग आइलैंड के ईस्ट एंड के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है। इके चलते हैम्पटन जाने वाले प्रमुख मार्ग को बंद किया गया है और गवर्नर कैथी ने बताया कि रात में हवाओं की गति बढ़ने के कारण प्रशासन 'काफी चिंतित' है।

# केलिफोर्निया के मंदिर में तोड़फोड़, भारत ने की निंदा

नईदिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में तथाकथित खालिस्तानी जनमत संग्रह से पहले अब कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स स्थित बीएपीएस हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। इसके साथ मंदिर पर आपत्तिजनक संदेश लिख दिए गए। खबरों के अनुसार सोशल मीडिया पोस्ट में बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने लिखा, ÷एक और मंदिर का अपवित्रीकरण, बार चिनो हिल्स, कैलिफोर्निया में हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ़ डटकर खड़ा है। चिनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के समुदाय के साथ मिलकर, हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे। हमारी साझा मानवता और आस्था यह तय करेगी कि शांति और करुणा कायम रहे.÷ भारत ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ ÷कड़ी कार्रवाई÷ की मांग की है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ÷हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ के बारे में रिपोर्ट देखी है.

# उपराष्ट्रपति धनखड़ की तबीयत बिगड़ी, एम्स में किया भर्ती

नईदिल्ली,एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्होंने देर रात बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत की थी। उसके बाद तड़के उन्हें एडमिट किया गया। खबरों के मुताबिक फिलहाल वह कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट में हैं। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा उनकी सेहत की जानकारी लेने खुद एम्स पहुंचे हैं।

# ट्रेफिक सिग्नल पर पेशाब की फिर शिंदे से मांगी माफी

**पुणे ।** एक ट्रैफिक स्टॉप पर पेशाब करने वाले युवक गौरव आहूजा को पुलिस ने फिलहाल गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन गिरफ्तारी से पहले उसने माफ़ी मांगते वीडियो भी रिकॉर्ड किया। जिसमें उसने कहा, कल की घटना के लिए मैं बहुत शर्मिंदा हूं. मैं पुणे, महाराष्ट्र और भारत के लोगों से माफ़ी मांगता हूं। मैं पुलिस विभाग और [एकनाथ] शिंदे साहब से भी माफ़ी मांगता हूं, कृपया मुझे माफ़ करें और एक मौका दें। दरअसल घटना के बाद आहूजा पुणे से कोल्हापुर गया था और कोल्हापुर में प्रवेश करने से पहले उसने बीएमडब्ल्यू रोकी और धारवाड़ की यात्रा के लिए एक अन्य वाहन किराए पर लेने में मदद के लिए एक स्थानीय ऑटो-रिक्शा चालक की सहायता ली।

**मेट्रो एंकर**

### नौरादेही अभ्यारण में एक साल से अनोखा शोध कर रहा एसएफआरआई

# टाइगर रिजर्व के भेड़ियों को रेडियो कॉलर पहनाने की कोशिश!

तेन्दूखेड़ा, विशाल रजक

तीन जिले की सीमा में फैले हुए 20 से अधिक बाघों सहित अन्य जंगली जानवरों से आबाद वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जहां बाघों का कुनबा बढ़ रहा है तो यहां पर भेड़ियों के प्राकृतिक आवास भी है। अब स्टेट फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएसआरआइ) द्वारा भेडियों पर एक अध्ययन किया जा रहा है। अध्ययन के तहत तीन भेड़ियों को रेडियो कॉलर पहनाए जाना है जिसकी अनुमति टाइगर रिजर्व द्वारा नेशनल टाइगर कंजर्वेशन ऑथोटी (एनटीसीए) से मांगी गई है। दरअसल वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़ने के पहले इसके अभयारण्य रहते यह भेड़ियों के प्राकृतिक आवास के रूप में जाना जाता था। यहां पर भेड़ियों के कई प्राकृतिक आवास हैं। प्रदेश को वुल्फ स्टेट का दर्जा दिलाने में नौरादेही का विशेष योगदान है। रिजर्व में भेडिए होने के कारण एफएसआरआई को वुल्फ के अध्ययन के लिए दो वर्ष के लिए योजना स्वीकृत की गई थी। शोधकर्ता वैज्ञानिक भेडियों के व्यवहार, हंटिंग, आवास, भोजन,प्रजननआदि का अध्ययन करेंगे। रिसर्च का उद्देश्य बाघ और तेंदुए जैसे जानवरों के बीच भेड़ियों का जीवन, उनका पसंदीदा खान पान, रहवास और उनकी दिनचर्या के बारे में जानना तथा यह भी जानना है कि बाघों के टाइगर रिजर्व में आने के बाद भेड़ियों के रहन-सहन, जीवन, खान पान पर क्या असर हुआ है।

दरअसल, भेड़ियों की संख्या में भी मप्र देश में पहले पायदान पर है, हालांकि विभाग इनकी गणना नहीं कराता है, लेकिन एक अनुमान के तौर पर अकेले वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में ही इनकी संख्या एक हजार से ज्यादा होगी। जबकि मप्र में इनकी संख्या दो हजार के आसपास मानी जाती है इनकी आयु औसमत 13 वर्ष होती है। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी बताते है कि रेडियो कालर पहनाकर भेड़ियों का व्यवहार, दिनचर्या आवास का अध्ययन होगा इससे टाइगर रिजर्व का मैनेजमेंट करने में हमें मदद मिलेगी।

## वन्यजीवों का सफाई कर्मी

खाद्य श्रृंखला के मांसाहारी जीवों में भेडिया दूसरे पायदान पर है, जो छोटे जानवरों का शिकार करता है। भेडिया को वन्य प्राणी समुदाय में एक सफाईकर्मी की भूमिका के रूप में भी देखा जाता है। जिस तरह शेर, बाघ, तेंदुआ और बिल्ली कैट फैमिली कहलाती है उसी तरह भेडिया वन्यजीवों की कैनिडाए फैमिली में शामिल है। इसमें भेडिया के अलावा सियार, लोमड़ी और जंगली कुत्ता आते हैं। अध्ययन से मानव आबादी में दखल का पता चलेगा, आक्रामक व्यवहार को समझने में मदद मिलेगी।



# सर्द हवा का असर खत्म... अब पतझड़



**भोपाल.** राजधानी में इस बार मौसम का ट्रेंड बदलाव भरा रहा है। पहले सप्ताह में आमतौर पर शहर में गर्मी का दौर शुरू हो जाता है, लेकिन इस बार पहला सप्ताह सर्द पिछले सालों के मुकाबले काफी सर्द बीता है, हालांकि अब एक बार फिर पारा चढ़ने लगा है और तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। सर्द हवाओं का प्रभाव खत्म होते ही शनिवार को न्यूनतम तापमान में 5.9 डिग्री की बढ़ोतरी हो गई और तापमान 10.5 से 16.4 डिग्री तक पहुंच गया। आगे भी तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। इस समय मौसम का रुख बार-बार परिवर्तित हो रहा है। शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 32.8 और न्यूनतम 16.4 डिग्री दर्ज किया गया।

# लोक अदालत की 61 खंडपीठों में 27 हजार से अधिक मामले सुलझे, 108 पारिवारिक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित जिला न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत में कुल 61 खण्डपीठों का गठन किया गया। जिनमें 27 हजार 371 प्रकरणों का निराकरण किया। कुल निराकृत प्रकरणों में कुल 59 करो? 68 लाख 68 हजार 560 से अधिक की अवार्ड राशि पारित हुई है।

नेशनल लोक अदालत में लंबित रेफर्ड प्रकरणों की संख्या 32004, निराकृत लंबित प्रकरणों 2709, प्री-लिटिगेशन रेफर्ड प्रकरणों की कुल संख्या 26552, निराकृत प्री-लिटिगेशन प्रकरणों की कुल संख्या 24662, चेक बाउंस से संबंधित निराकृत कुल प्रकरणों 461, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित निराकृत कुल प्रकरणों की संख्या 480, आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों की संख्या 625, पारिवारिक प्रकरणों की संख्या 108, बैंक रिकवरी के प्रकरणों की संख्या 455, व्यवहार वाद के प्रकरणों की संख्या 67, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों की संख्या 2177,श्रम विभाग से संबंधित प्रकरणों की संख्या 13, यातायात नियमों के उल्लघन संबंधी ई-टैफिक चालान 262, जलकर एवं सम्मपति कर संबंधी प्रकरणों की संख्या 20728 एवं अन्य प्रकरणों की संख्या 457 रही।

## निराकृत प्रकरणों में 59 करोड़ 68 लाख 68 हजार 560 से अधिक की अवार्ड राशि पारित



**पति की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु, डेढ़ करोड़ क्षतिपूर्ति :** आवेदिका के पति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के कारण उनकी पत्नी एवं उनके परिजनों द्वारा दावा आवेदन पत्र मोटर दुर्घटना यान अधिनियम के तहत माननीय अष्टम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण भोपाल के समक्ष क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया गया। बीमा कंपनी गो डिजिट द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में एक करोड़ पचास लाख रूपए में समझौता कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं अष्टम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण भोपाल विवेक सक्सेना के समक्ष पीड़ित परिवार को उक्त राशि का चैक प्रदान किया गया। वही दूसरे मामले में आवेदिका के पति की 2 सितंबर 2021 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के कारण उनकी पत्नी एवं उनके परिजनों को 33 लाख की राशि का चैक प्रदान किया गया।

## उपभोक्ता आयोग में 464 प्रकरणों का हुआ निराकरण, जिला स्तर पर 453

नेशनल लोक अदालत में राज्य उपभोक्ता आयोग में 12 प्रकरण रखे गए, जिसमें 11 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इन प्रकरणों में 52 लाख 14 हजार 337 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। भोपाल जिले में जिला उपभोक्ता आयोग क्रमांक 1 में 50 प्रकरण भेजे गए थे, जिसमें 30 प्रकरण लोक अदालत में रखे गए। आठ प्रकरणों का निराकरण हुआ। जिसमें 6 लाख 12 हजार रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। वहीं जिला उपभोक्ता आयोग क्रमांक 2 के कुल 35 प्रकरण भेजे गए थे, जिसमें 30 प्रकरण लोक अदालत में रखे गए और 15 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इन प्रकरणामें में 1 करोड़ 38 लाख 86 हजार 244 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। प्रदेशभर में कुल 802 प्रकरण लोक अदालत के लिए भेजे गए थे, जिसमें लोक अदालत के दौरान 705 प्रकरण रखे गए। इनमें से 453 प्रकरणों का निराकरण हुआ। सभी जिलों में कुल 6 करोड़ 67 लाख 40 हजार 713 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई।

## छोटी-बड़ी खबरें

### सेवासदन महिला नेत्र विशेषज्ञों और कर्मचारियों ने काटा केक




**हिरदाराम नगर.** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में महिला दिवस मनाया गया। महिला नेत्र रोग विशेषज्ञों ने साथी महिला कर्मचारियों के साथ केक काटा। कार्यक्रम में सेवासदन केप्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी मौजूद रहे। उन्होंने अस्पताल की एसोसिएट मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रश्मि ऑप्टे ने महिलाओं के सामर्थ्य, सेवा, सुश्रुषा और करूणा भाव के गुणों का उल्लेख किया । सभी महिला सहयोगियों को महिला दिवस की बधाई दी। महिला दिवस पर सेवासदन में महिला रोगयों को निशुल्क जांच में 160 महिला की आंखों की जांच की गई।

### केम्पफोर्ट पब्लिक स्कूल में मनाया महिला दिवस



**भोपाल।** नारायणा एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस के अंतर्गत केम्पफोर्ट पब्लिक स्कूल ने हर्षोल्लास के साथ महिला दिवस उत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए नि:शुल्क परामर्श काउंटर (बैंकिंग, सौंदर्य, स्वास्थ्य) लगाए गए, एक ज़ुम्बा सत्र आयोजित किया गया, और महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन प्रधानाचार्या रूना कुडेसिया एवं डीजीएम सलाम के मार्गदर्शन में हुआ।

### भाभा विवि में महिला दिवस धूमधाम से मनाया




**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय मे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया। इसमें उप कुलपति डॉ. दीलीप कुमार डे, प्रति कुलपति डॉ. एनकेअग्रवाल, सीईओ प्रसाद पिल्लई, सीएओ विजय पुंज और कुलसचिव डॉ. श्याम पाटकर ने समस्त महिला कर्मचारियों को बधाई दी व सभी का प्रशस्तिपत्र देकर सम्मान किया। इसमें नारी सशक्तिकरण पर जोर देकर नारी शक्ति का आभार प्रदर्शित किया।

# सांची विश्वविद्यालय में मनाया महिला दिवस

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में महिला दिवस पर विशेष आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ नेहा जैन एवं समाजसेवी श्रीमति माधुरी मिश्रा ने इस अवसर पर महिला अधिकारों एवं परिवार की प्रासंगिकता पर चर्चा की। डॉ जैन ने कहा कि सभी सफल महिलाओं के पीछे एक महिला का हाथ होता है और हमें भी आगे बढ़ने पर दूसरी महिलाओं को आगे बढ़ाने का उपक्रम करना चाहिए। विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ निहारिका लाभ ने भी सभी महिलाओं के लिए अपनी शुभेच्छा भेजी। विशिष्ट अतिथि श्रीमति माधुरी मिश्रा ने कहा कि हम महिलाओं को अपनी उपयोगिता का पता ही नहीं चलता। उन्होने कहा कि भारतीय संस्कृति तो सीता-राम और राधे-श्याम की है जिसमें महिलाओं को पुरुषों से पहले रखा जाता है। उन्होने परिवारों से अच्छे भाई तैयार करने की अपील की जो अपनी बहनों की तरक्की में भागीदार बन सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चित्रकला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुष्मिता नंदी ने कहा कि बिना परिवार के महिला सम्पूर्ण नहीं होती।



# 9 वर्ष की आयु में पुस्तकालय किया शुरू नन्ही लाइब्रेरियन को मिला राष्ट्रीय अवार्ड

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

बंगलौर के प्रेस्टीज आर्ट सेंटर में 2 दिवसीय कार्यक्रम इनोवोकेड-4 अंतर्गत-2025 का शिक्षागृह अवार्ड से भोपाल की कुमारी मुस्कान अहिरवार की भी सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षा ग्रह अवार्ड हेतु इस वर्ष 400 प्रतिभागियों में से 4 प्रतिभागियों को चयनित किया गया, जिसमें से भोपाल की मुस्कान अहिरवार को स्पेशल मेंशन करते हुए यह अवॉर्ड प्रदान किया है। संजय कुमार सेक्रेटरी, डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, डॉ सुब्रह्मण्यम रंजन ने मुस्कान को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया। भोपाल के शासकीय मॉडल स्कूल की कक्षा 12वीं की विद्यार्थी मुस्कान ने बेंगलुरू में यह अवार्ड प्राप्त कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों के साथ ही निरंतर उसका सहयोग और मार्गदर्शन करने वाले अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि, मुस्कान अहिरवार भोपाल के अरेरा हिल्स क्षेत्र की दुर्गा नगर श्रम बस्ती में बच्चों की पठन क्षमता बढ़ाने और सर्वांगीण विकास के लिए किताबी मस्ती पुस्तकालय और गतिविधि केंद्र का संचालन विगत 9 वर्षों से निरंतर कर रहीं हैं। मुस्कान ने मह? 9 वर्ष की आयु में अपने पुस्तकालय की शुरुआत वर्ष 2016 में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रदत्त 121 पुस्तकों से की थी। आज उसकी लाइब्रेरी में 3500 से अधिक पुस्तकें हैं।



## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 5 दिवसीय प्रशिक्षण

**भोपाल।** राजधानी स्थित निटर के सीमेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बरकतउल्ला विवि के यूआईटी के इंजीनियरिंग और एमएससी के 100 विद्यार्थियों लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। बरकतउल्ला विवि के कुलगुरु प्रो. एस. के जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने हमारे विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीकी कौशल प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्रदान किया है। पहले ऐसे अवसर उपलब्ध नहीं थे, इसलिए विद्यार्थियों को उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। विद्यार्थियों को समाज में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए प्रशिक्षण की जरूरत होती है। एनआईटीटीटीआर भोपाल अब आपका दूसरा लर्निंग होम है। यहां बिताए गए 05 दिनों का उपयोग अपने कौशल को ब?ाने के लिए करें। इस अवसर पर डीन कॉर्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पी.के पुरोहित, सीओई प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. मनीष भार्गव, बीयू यूआईटी डायरेक्टर प्रो. नीरज गौर डॉ. गरिमा सिंह उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर**

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति का सम्मान**

# महिलाओं से ही समृद्ध होता है देश और घर : श्रीवास्तव

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

हमारे संस्कार कहते हैं जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता वास करते हैं, महिलाओं से ही देश व घर समृद्ध बनता है, आज महिलाएं आर्थिक रुप से मजबूत है और हर जिम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं, नारी सशक्त तो पहले से ही है, लेकिन अब उसे स्वावलम्बी बनना होगा और स्वावलम्बी बनने के लिए आपको आत्म निर्भर बनना होगा।

यह विचार मप्र बाल महिला आयोग की डॉ निशा श्रीवास्तव ने व्यक्त किए। वे सुधार सभा द्वारा महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहीं थीं। कार्यक्रम के शुरूआत में शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां नारियों की पूजा की जाती है। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी कहा कि किसी भी देश की प्रगति में महिलाओं का बहुत बढ़ा योगदान है। सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानीजी ने कहा कि महिलाएं अपने आप में सम्मानित हैं। महिलाओं को आदिकाल से ही सम्मान दिया जाता है।

**इनका सम्मान हुआ :** महिला दिवस पर डॉ. निशा श्रीवास्तव, लेडी कान्स्टेबल दीक्षा व पूनम राजपूत का शाल श्रीफल व उपहार देकर सम्मान किया गया। बोर्ड परीक्षाओं में मैरिट में आने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन भावना कलवानी तथा आभार प्रदर्शन वासदेव मोतियानी ने किया।




**साइकल पर सवार होकर स्वच्छता का संदेश दिया महिलाओं ने**

## नारी शक्ति, नारी का अभिमान : आलोक

**हिरदाराम नगर.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गुरुनानक मंडल द्वारा क्लीन भोपाल ग्रीन भोपाल के संकल्प को लेकर गोल घर से महिला साइकिल रैली निकाली गई, जिसका शुभारंभ सांसद आलोक शर्मा ने किया। सांसद ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है एवं सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे है जहाँ हर नारी को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा मिले। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया सभी महिलाओं के अद्वितीय योगदान से समाज को संस्कार विचार और आकार प्राप्त होते है, उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और अदम्य साहस ने हर क्षण हमारे हृदयों को गौरवान्वित किया है। रैली में पार्षद प्रियंका मिश्रा, रीटा बजाज, सुमन कालरा, अनमोल बजाज,सुकांति ठकुरिया, राजकुमारी डागोर, सहित नारीशक्ति उपस्थित रही।



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# महिलाओं को सबल एवं आत्मनिर्भर बनाने सरकार संकल्पित : चौधरी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय एस.एन.जी. स्टेडियम मैदान में शौर्य शक्ति स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन किया.कार्यक्रम प्रारंभ करने से पूर्व शक्ति रूपी नन्ही नन्ही बालिकाओं की कन्यापूजन भी की गई।

कार्यक्रम में महिला अधिकारियो/कर्मचारियो हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ- महिला क्रिकेट मैच, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ एवं चम्मच दौड जैसी खेल प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई। क्रिकेट मैच में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी निशा चैहान, की कप्तानी में टीम शक्ति एवं वंदना रघुवंशी की कप्तानी में टीम शौर्य के बीच मैच खेला गया। जिसमें टीम शौर्य विजेता रही एवं टीम शक्ति नें द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार रस्साकशी में टीम महिला एवं बाल विकास एवं टीम जिला प्रशासन के बीच मैच खेला गया। जिसमें टीम महिला एवं बाल विकास नें प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड एवं चम्मच दौड में विभिन्न विभागों में पदस्थ महिला अधिकारी/कर्मचारियों ने सहभागिता दी।

कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा समस्त उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा कि महिलाओं द्वारा कृषक, स्वसहायता समूह, बैंक सखी, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रो में अपने बेहतर कार्यो का प्रदर्शन किया है। महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं को सबल एवं आत्मनिर्भर बनाए जाने हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार दृढ़ संकल्पित है। कलेक्टर ने कहा कि हम सभी को यह प्रयास करना चाहिए कि महिलाओं को सम्मान देने एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद करने के लिए केवल एक महिला दिवस दिन ही सीमित न हो। अपितु महिलाओं तथा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को हर रोज याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सभ्य समाज के तौर पर यह हम सबकी जवाबदारी है कि साल के प्रत्येक दिन हम महिलाओं को सम्मान एवं समान अवसर दे, उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराए जहां वे अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सके और अपने आप को सिद्ध कर सकें।

**प्रत्येक दिवस को महिला दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए : कलेक्टर**

#### विजेताओं को पुरूस्कार वितरण

महिला क्रिकेट मैच में वंदना रघुवंशी की कप्तानी में टीम शौर्य विजेता रही एवं टीम शक्ति उपविजेता रही। रस्साकसी में टीम महिला एवं बाल विकास विजेता रही एवं टीम जिला प्रशासन उपविजेता रही। कुर्सी दौड़ में वैशाली मेहतो ने प्रथम, विजेता त्रिवेदी ने द्वितीय एवं श्रीमती वर्षा चैरे ने तृतीय एवं सुश्री मृगी अग्रवाल को सात्वंना पुरूस्कार दिया गया। चम्मच दौड़ में सीमा तिवारी, माध्यमिक शिक्षक ने प्रथम, रंजना गावड़े ने द्वितीय एवं चित्रा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओ को ट्राफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



#### महिला अधिकारी/कर्मचारी सम्मान

परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम शहरी प्रीति यादव, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चैहान, श्रीमती अमृता दीक्षित प्लाटून कंमाडर श्रीमती आरती शर्मा, ब्लाक समन्वयक, श्रीमती अनुष्का मालवीय, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभिन्न विभागों- पुलिस, नगरपालिका, स्वास्थ्य, खेल, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, जिला पंचायत आदि में अपने पदीय दायित्वो के निर्वहन में सराहनीय कार्य करने वाली महिला अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## महिला दिवस पर जीनियस प्लानेट में हुआ टीचर्स का सम्मान



**इटारसी।** जीनियस प्लानेट सी बी इस ई स्कूल में शिक्षिकाओं का सम्मान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्कूल डायरेक्टर जाफ़र सिद्दीकी एवं मनीता सिद्दीकी के आतिथ्य में स्कूल के पुरुष शिक्षकों द्वारा किया गया।

डायरेक्टर मनीता एवं जाफर सिद्दीकी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी द्य विद्यालय की म्यूजिक टीचर श्वेता पगारे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कीद्य इस अवसर पर जाफ़र सिद्दीकी ने सभी महिला शिक्षकों को महिला दिवस की शुभकामनायें प्रेषित करते हुए कहा की महिला पुरुष की तुलना में अधिक सहनशील और धैर्यवान होती हैंद्य मनीता सिद्दीकी ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा की यदि यह सम्मान हर महिला क़ो केवल महिला दिवस पर ही नहीं बल्कि उसके पूरे जीवन में हर जगह मिलता रहें तो समाज में बलात्कार, घरेलु हिंसा, दहेज़ प्रताड़ना जैसे अपराधों में कमी आ जाएगी और तब एक मजबूत समाज का हम निर्माण कर पाएंगे और एक मजबूत समाज मजबूत देश का आधार होता है द्य इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिकाओ द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी साथ ही विभिन्न गेम्स भी आयोजित किए गएद्य स्कूल की शिक्षिका अर्चना मुरैया, शाहीन शाह, तनुश्री ने भी अपने विचार व्यक्त किए द्य महिला दिवस को यादगार बनाने के लिए सभी महिला शिक्षिकाओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा उपहार भेंट किए गएद्य कार्यक्रम का संचालन अभिषेक दयाल एवं कृष्णा साहू ने कियाद्य समस्त कार्यक्रम की संयोजक नेहा बुधोलिया और कीर्ति सोनी थी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला स्वच्छता दूतों का सम्मान



**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिषद इटारसी ने महिला स्वच्छता दूत का सम्मान शनिवार को अटल पार्क में किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने समस्त स्वच्छता दूत के चरण छूकर व पुष्प भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में स्वच्छता दूतों को मेडिकल किट भी प्रदान की गई। इस सम्मान समारोह में नगरपालिका सीएमओ रितु मेहरा, सभापति गीता देवेंद्र पटेल, राकेश जाधव, नाजिया शहबाज बेग, पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया, मनीषा आशुतोष अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर समस्त महिला स्वच्छता दूत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उन्हें उनके कार्यों के लिए धन्यवाद दिया।

अटल पार्क में नगरपालिका के स्वच्छता विभाग ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत कबाड से जुगाड की तोप बनाकर लगाई है। तोप ट्रेक्टर, कार से निकले हुए खराब हो चुके टायर व पाइप से बनाई गई है। चूंकि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका लोकार्पण होना था तो तोप का नाम पदमा रखा गया है। यहां भी सीएमओ, सभापति, महिला पार्षदों व स्वच्छता दूतों ने इसका लोकार्पण किया।

**40 महिला स्वच्छता दूत को मेडिकल किट प्रदान**

**शक्ति को प्रदर्शित करने वाली पदमा 'तोप' का लोकार्पण**

## कृषक संगोष्ठी में वरिष्ठ कृषक पटैल को दी श्रद्धांजलि



नर्मदापुरम। ग्राम रोहना के रूपसिंह जैविक कृषि फार्म पर जिला कृषक संगोष्ठी आयोजित हुई जिसमें ग्राम रोहना के वरिष्ठ किसान प्राकृति प्रेमी राधेश्याम जी पटेल को श्रद्धांजलि दी गई. इस मौके पर कृषक एवं कृषि अधिकारी उपस्थित थे।

# गर्मी में जलसंकट ग्रस्त एरिया में टैंकर से वॉटर सप्लाई की तैयारी

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने गर्मी में होने वाले जलसंकट ग्रस्त क्षेत्रों में वॉटर सप्लाई की प्लानिंग के साथ ही गैराज पहुंचकर तैयारी भी देखी। यहां इस दौरान जलकार्य विभाग के रविंद्र जोशी, राजा मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।



नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि नगरपालिका में 16 पानी के टैंकर मौजूद हैं। जिसमें से 8 एकदम सही हैं, 8 में कुछ मरम्मत कार्य होने हैं। जिन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा यह तय किया है कि पानी इटारसी बस स्टैंड पर मौजूद टयूबवेल को वाटर सप्लाई व फायर पंप बनाया जाएगा। पुरानी इटारसी क्षेत्र में इसी पंप से पानी की सप्लाई की जाएगी। अभी पीपल मोहल्ला बिजली कंपनी के सामने और विश्वनाथ टॉकीज के पास मौजूद पंप से टैंकर पानी भरते हैं। चौरे ने पुरानी इटारसी में नाली निर्माण के लिए उपयंत्री आदित्य पांडे और भाजपा नेता आशीष मालवीय के साथ निरीक्षण किया। यहां दो स्थानों पर नाली निर्माण होना है।

## तहसील कार्यालय डोलरिया में वित्तीय गड़बड़ी का मामला: वित्तीय अनियमितता के दोषी पाये गये दो कर्मचारियों को सेवा से पदच्युत किया गया

**नर्मदापुरम।** तहसील कार्यालय डोलरिया में वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2022-23 में पाई गई वित्तीय अनियमितता में श्री अमित लौवंशी सहायक ग्रेड-3 एवं श्री आशीष कहार भृत्य तहसील कार्यालय डोलरिया को सेवा से पदच्युत किया गया। संभागीय संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा, भोपाल तथा नर्मदापुरम संभाग, भोपाल के प्रतिवेदन अनुसार तहसील कार्यालय डोलरिया में वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक के भुगतानों की जांच हेतु गठित जांच दल के जांच प्रतिवेदन में राशि रूपये 2 करोड़ 23 लाख 33 हजार 863 रुपए के वित्तीय अनियमितता पाये जाने के कारण तहसील डोलरिया में पदस्थ श्री अमित लौवंशी, सहायक ग्रेड-3 एवं श्री आशीष कहार भृत्य के द्वारा उक्त राशि का कपटपूर्ण आहरण कर शासन को वित्तीय अनियमितता पहुंचाने संबंधी घोर लापरवाही बरते जाने पर निलंबित किया जाकर दोनों कर्मचारियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 14 के अन्तर्गत विभागीय जाँच संस्थित गई थी। विभागीय जांच में अधिरोपित आरोप पूर्णत: सिद्ध होना पाये जाने एवं पक्ष समर्थन हेतु संपूर्ण अवसर दिये जाने के उपरांत कार्यालय तहसील डोलरिया में हुए वित्तीय अनियमितता संबंधी कदाचार एवं शासकीय दायित्वों के निर्वहन में अनुशासनहीनता के दोषी होने व शासकीय सेवा हेतु उपयुक्त नहीं होने के फलस्वरूप श्री अमित लौवंशी सहायक ग्रेड-3 एवं श्री आशीष कहार भृत्य तहसील कार्यालय डोलरिया को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम 10 (नौ) के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से सेवा से पदच्युत किया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केसला विकासखंड में संपन्न हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन

# 508 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, आदिवासी परंपरा के अनुसार भूमका से संपन्न कराए गए विवाह

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केसला विकासखंड का ग्राम सहेली सामूहिक विवाह के ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बना जब एक साथ 508 जोड़ों का विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत संपन्न कराया गया। विवाह मैं आदिवासी परंपरा एवं संस्कृति का पूरा ध्यान रखते हुए आदिवासी परंपरा के अनुसार जोड़ों का विवाह भूमका (आदिवासी पुजारी) के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वर्चुअल जुड़कर सभी 508 वर एवं वधु को अपना आशीर्वाद प्रदान किया एवं सभी नवविवाहित दंपतियों को सुखी जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा के आशीर्वाद से आज हम एक ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने हैं,जब यहां 508 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा का आशीर्वाद सभी नव दंपतियों पर सदैव बना रहे। 16 संस्कार में एक संस्कार पाणिग्रहण संस्कार भी है। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति में विवाह एग्रीमेंट नहीं अपितु संस्कार होता है। यह संस्कार सात जन्मों का बंधन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले एक कन्या का पिता परेशान रहता था कि बेटी का विवाह कैसे होगा लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू कर सभी बेटियों के माता-पिता को इस चिंता से मुक्त किया। मुख्यमंत्री ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके भावी सुखद जीवन की कामना की और कहा कि विवाह के बाद भी शासन उनकी हर समस्याओं का यथासंभव निराकरण करेंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ग्राम सहेली में एक कल्याणी (विधवा) विवाह एवं एक दिव्यांग जोड़ों का विवाह भी संपन्न हुआ है। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।इसके पूर्व कलेक्टर सोनिया मीना ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला और बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में केसला के 52 ग्राम पंचायत के 122 ग्राम के लोग सम्मिलित हैं। आदिवासी परंपरा का पालन करते हुए भूमिका के द्वारा सभी का विवाह संपन्न कराया जा रहा है।



केंद्रीय राज्य मंत्री जनजाति कार्य मंत्रालय दुर्गादास उइके ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सुखद भविष्य की कामना की। मंत्री श्री उइके ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं जो 508 जोड़ो के विवाह के साक्षी बने। यह हमारा सौभाग्य है कि हम यह अवसर देख रहे हैं।सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने ग्राम सहेली में सभी नव दंपतियों को बधाई देते हुए कहा कि जब-जब मातृशक्ति जागेगी हर समस्या भागेगी।विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने कहा कि अब बेटियां अभिश्राप नहीं अपितु परिवार के लिए एक वरदान है।

#### नव दंपतियों को 49 हजार का चेक एवं पौधा भेंट किया

केसला विकासखंड के ग्राम सहेली में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह के अंतर्गत आज 508 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया इनमें 244 जोड़े नर्मदा पुरम जिले के एवं 264 जोड़े अन्य जिले के थे। इनमें से 438 जोड़े अनुसूचित जनजाति वर्ग के थे जिनका विवाह संपन्न कराया गया इनमें एक कल्याणी विवाह एवं एक दिव्यांग विवाह भी शामिल था। सभी सामान्य नव दंपतियों को 49 हजार रुपए के चेक प्रदान किए गए। ढोल और मादप की थाप पर आदिवासी लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। जिसकी सभी ने सराहना की।

**मेट्रो एंकर** वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का हुआ शुभारंभ

# 24 खण्डपीठों ने निपटाए 2061 मामले

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देषानुसार एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश के 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का अयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालयों रसी, पिपरिया,सोहागपुर, सिवनीमालवा में किया गया। नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन एवं शुभारंभ श्री मनोज कुमार (सीनि.) विषेष न्यायाधीश /नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत एवं श्री दीपक कुमार गुप्ता, प्रधान न्यायाधीष द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। नेशनल लोक अदालत के उद्घाटन एवं शुभांरभ कार्यक्रम में श्री मनोज कुमार (सीनि.) विषेष न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, नेशनल लोक अदालत, प्रधान न्यायाधीष कुटुम्ब न्यायालय, दीपक गुप्ता, जिला न्यायाधीष जफर इकबाल, अभिनव कुमार जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार पाठक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोज अख्तर, जूनियर डिवीजन, श्रीमती प्रियंका रतोनिया, श्रीमती दिव्या मित्तल, सुश्री स्वाति कौषल, प्रधान मजिस्ट्रेट किषोर न्याय बोर्ड श्रीमती रूचि पाण्डेय, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ दीपक जैन, सचिव, जिला अभिभाषक संघ मनोज जराठे अधिवक्ता, मीडिएटर, पैरालीगल वालेंटियर एवं कार्यालयीन कर्मचारी एवं पक्षकारगण उपस्थित रहें।



# एमपी ट्रांसको इटारसी के दिलीप कोरी दिल्ली में हुए सम्मानित

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी .ट्रांसको) के 04 मेंटेनेंस कार्मिको को भारत पर्यावस केन्द्र दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस 2025 में कंपनी का प्रतिनिधत्व करने पर सम्मानित किया गया। जिसमें इटारसी के हाट लाइन मेंटेनेंस में माहिर दीपक कोरी भी शामिल हैं। इसके अलावा एम.पी. ट्रांसको भोपाल के सहायक अभियंता अंकित मेहरोलिया, जबलपुर के मेंटेनेंस कर्मी कमलेश कुमार रंजन, एवं माहिदपुर से मानसिंह को सम्मानित किया गया। सम्मानित कार्मिकों ने इस अवसर पर एम.पी. ट्रांसको में ट्रांसमिशन लाइन एवं एक्सट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों में किये जा रहे मेंटेनेंस की कार्यशैली और अपने विभिन्न अनुभवों को साझा किया। अंकित मेहरोलिया ने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन पेट्रोलिंग, वेयर हेंड टेक्निक से किये जा रहे मेंटेनेन्स कार्य आदि के विषय में विस्तार से बताया।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# समाज में नारी शक्ति का स्थान महत्वपूर्णः ब्रह्माकुमारी रुक्मणी

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के लिए परमात्मा शिव द्वारा सकारात्मक परिवर्तन विषय पर सभी आगंतुक अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे। सर्वप्रथम ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि अगर हर नारी अपनी शक्ति को याद रखें तो नारी शक्ति जागृत हो जाएगी और नारी सशक्त बन जायेगी। देखते हैं नारी शक्ति का इतना सम्मान है कि आज नदियों के नाम बहनों के नाम पर ही है गंगा , यमुना, कावेरी इत्यादि भारत के नाम के साथ भी भारत माता है न कि भारत पिता किसी को आज विद्या मांगना होता है तो विद्या की देवी सरस्वती का पूजन व स्मरण करते हैं किसी को आज धन की आवश्यकता या कमी महसूस होती है तो धन की देवी लक्ष्मी की पूजा अर्चना करते हैं। बच्चों को अच्छे संस्कार देने वाली भी प्रथम गुरु मां ही है इस पर आपने बहुत ही मर्म स्पर्शी सुंदर दृष्टांत दिये। पुरुष को सदाचार की प्रतिज्ञा दिलाने वाली नारी ही है। भोजन बनाते समय सकारात्मक विचार करें उसका प्रभाव स्वयं पर व परिवार पर पड़ेगा। आगे दीदी ने कहा कि समाज में नारी का स्थान महत्वपूर्ण है। नारी के बिना परिवार




की कल्पना नहीं की जा सकती। दीप्ति राजपूत एनसीसी मेजर ने अपना अनुभव बतलाते हुए कहा कि जीवन को खुशहाल बनाने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान में आकर राजयोग मेडिटेशन सीखें। हम खुश रहेंगे तो परिवार खुश रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष यादव ने कहा कि हमारे जीवन में जब सकारात्मक विचार आते है तो समझना चाहिए कि हमारे कदम अच्छी दिशा की और बढ़ रहें हैं घर में माता-पिता अपमानजनक बातें करते हैं तो उसका असर बच्चों पर पड़ता है।ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी और अनु बहन ने भी विचार रखे।

लक्ष्मी शर्मा सावित्री महिला मंडल के अध्यक्ष एवं बाल न्यायालय की सदस्य ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सदा खुश रहने के लिए धीरज, प्रेम और शांति की तीन टेबलेट रोज खाएं। कार्यक्रम में गुड़िया शर्मा, कबड्डी नेशनल खिलाड़ी, दीप्ति राजपूत स्टेशन मास्टर, ममता जैन रक्त सेवा समिति अध्यक्ष आदि ने महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

### महिला दिवस पर सेवा भारती समिति ने महिला और बालिकाओं का किया सम्मान



**सिरोंज।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेवा भारती समिति ने संस्कार केंद्र हनुमान पथ पर समाज सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से काम करने वाली संस्कार केदो की दी दी ओ सहित सामाजिक काम में सहयोग करने वाली महिलाओं एवं अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने महिलाओं बलिका का सेवा भारती समिति ने शास्त्री फ्लेम स्मृति चिन्ह भेंट करके इनका सम्मान किया इसके अलावा पहलवान कुमारी चारु सक्सेना का भी सम्मान किया। समिति के संयोजक डॉ संजीव माथुर ने बताया कि समाज सेवा एवं संस्कार केदो पर शिक्षा के क्षेत्र में बिना स्वार्थ के सेवा करने वाली दीदी और शहद खेल के क्षेत्र में निरंतर अच्छा काम करने वाली बालिकाओं का भी सम्मान किया। इसके अलावा नगर पालिका परिषद कार्यालय में भी महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ सोसाइटी समूह में अच्छा काम करने वाली महिलाओंको सम्मानित किया गया। जनपद स्तर पर कोई कार्यक्रम नहीं हुआ नहीं तो इससे पहले बड़े-बड़े आयोजन सरकार के। द्वारा किया जाता था महिला एवं बल विकास विभाग ने भी क्षेत्र की जनप्रतिनिधि जो महिलाएं हैं और समाज सेवा में काम करने वाली महिलाओं के सम्मान में कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया।

## भगवान परशुराम द्वार के अधूरे निर्माण को पूरा करने ब्राह्मण समाज ने सौंपा नपाध्यक्ष को मांगपत्र



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

ब्राह्मण समाज का एक प्रतिनिधिमंडल समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष शशि यादव से भेंट कर उनसे नगर में भगवान परशुराम द्वार के अधूरे निर्माण को अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव से पूर्व पूर्ण करने के लिए चर्चा की गई। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से समाज के संरक्षक केशव शास्त्री, रवि तिवारी, नित्य प्रकाश शर्मा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा, सुमित मिश्रा, गगन दुबे, सौरभ शर्मा, नितिन शुक्ला, सौरभ दुबे सहित ब्राह्मण समाज के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा के उपरांत नपाध्यक्ष को एक मांग पत्र भी सौंपा। जिसमें अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करने पर जोर दिया गया है। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने नपाध्यक्ष से कहा कि भव्य परशुराम द्वार का निर्माण कराया जाए। ब्राह्मण समाज द्वारा नपा अध्यक्ष को जो मांग पत्र सौंपा है उसमें बताया है कि वर्ष 2015 में तात्कालिक नगर पालिका अध्यक्ष ने परशुराम द्वार के निर्माण के लिए संत समाज व ब्राह्मण समाज की उपस्थिति में भूमि पूजन हुआ था परंतु किन्हीं कारणों से अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। समस्त ब्राह्मण समाज इस बात की लिए विचारणीय है कि जहां चारों ओर नपा के विकास कार्य चल रहे हैं वहीं भगवान श्री परशुराम द्वार का निर्माण अधूरा है। अतः आज ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा आपसे आग्रह है कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व द्वार का भव्यतम निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए।

### प्राइमरी परीक्षा से पहले पेपर हुआ लीक

**सिरोंज।** शनिवार को प्राइमरी स्कूल की परीक्षा का पेपर परीक्षा से पहले लीक होने से गोपनीयता भंग हो गई परीक्षा 2 बजे से थी पर 11 बजे स्कूलों-ही कई स्कूलों के प्रभारी शिक्षक कंप्यूटर की दुकान पर पेपरो की फोटो कॉपी करते हुए दिखाई दिए इसके बाद परीक्षा कराने के उद्देश्य पर सवाल खड़े हुए जहां फोटो कॉपी करने पहुंचे शिक्षक ने कहा कि हमें परीक्षा प्रभारी ने बीआरसी कार्यालय से एक-एक पेपर दिए दिए थे। बच्चों की संख्या स्कूल में अधिक है इस वजह से हम लोग हम लोग इनकी फोटो कॉपी कर रहे हैं। तभी स्कूलों में बच्चों परीक्षा ले पाएंगे इसलिए हम लोग फोटो कॉपी करवाने के लिए आए हैं। दूसरी और बी आर सी ओमप्रकाश रघुवंशी ने बताया फ्लाइंग स्कायड टीम में शामिल हूं परीक्षा चेक कर रहा हूं जिस स्कूल के शिक्षक ने परीक्षा के पेपर की फोटो कॉपी कराई है उस स्कूल मे बच्चों की संख्याएं दो है बाकी हम इसकी जांच करवा रहा है कहीं चूक हुई होगी तो कार्रवाई भी करेंगे।

## एसडीएम ने खड़े होकर ,पानी टंकी का विवाद सुलझाया, सरपंच बन रहा था पुलिया अब सीधी बनेगी सड़क



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ,नायब तहसील ललित सक्सेना एवं राजस्व विभाग के अमले और पुलिस प्रशासन को लेकर ग्राम मनी रामपुर पहुंचे यहां पर पानी की टंकी के आसपास तार फेंसिंग कर ली थी जिसके के करण गांव की जल सप्लाई बंद पड़ी हुई थी इसकी शिकायत जन समस्या निवारण कैंप में एसडीएम के पास आए थी उन्होंने पानी की समस्या को प्राथमिकता से लेते हे टंकी के आसपास लगी तार फेंसिंग को हटवा कर जल सप्लाई प्रारंभ कराई क्योंकि ऐसा होने से कई दिनों से जल सप्लाई रुक गई थी इसकी वजह जब पता चली तो पंचायत बागरोदा से ग्राम मनीराम पुरा को जाने वाले रास्ते पर अलग से पुलिया का निर्माण ग्राम पंचायत के द्वारा करवाया जा रहा था इस पुलिया से गांव को जाने वाले लोगों परेशानी हो रही थी इनके विरोध के बाद सरपंच के द्वारा के बिना आवश्यकता के सड़क पर पुलिया बनवाने का काम किया इस कारण पानी रुकने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। एसडीएम को जब ग्रामीणों ने टंकी से जल सप्लाई रोकने की बात बताते हुए कहा कि अपने फायदे के लिए सरपंच पुलिया बन रहा था इसके कारण हमें परेशानी होती इसके बाद एसडीएम ने पुलिया निर्माण नहीं करने के निर्देश दिए और कहा कि सीधी सड़क बनाई जाए इस दौरान बड़ी संख्या में प्रशासनिक अमला और ग्रामीण इकट्ठे हो गए थे।



## जिले की 276690 लाड़ली बहनों के खातों में जमा हुई राशि

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज सिंगल क्लिक से प्रदेश की लाडली बहनों को राशि जारी की अंतराराष्ट्रीय महिला दिवस पर पाकर महिलाओं के द्वारा इस यादगार पलों को स्मरणीय बनाने पर मुख्यमंत्री जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1552.73 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से जारी की है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विदिशा जिले की 2 लाख 76 हजार 690 लाड़ली बहनों को 34 करोड़ 58 लाख 62 हजार 500 रुपए उनके बैंक खातों में रिलीज किए हैं। भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने सुनने के समुचित प्रबंध विदिशा जिले में भी किए गए थे।

विदिशा नगरपालिका के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी महिलाओं को आत्मसबल बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। उन्होंने मिलने उक्त राशि का सदोपयोगकर बहनों के द्वारा स्व-रोजगार के क्षेत्र में की जा रही पहल की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि आज अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर ऐसे नवाचार करे जिससे विदिशा जिले की महिलाओं की ख्याति प्रदेश ही नहीं वरन देश - विदिशा में हों इस अवसर पर उन्होंने स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। इसे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया था। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री भरत सिंह राजपूत ने आयोजन के उद्देश्यों को रेखांकित किया।

## फुटकर मांस की दुकानों की जांच करने पहुंची टीम, शहर से बाहर मांस भेजा तो लाइसेंस होंगे निरस्त



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना एवं पशु चिकित्सालय अधिकारी देवेंद्र व्यास द्वारा संयुक्त टीम दल बनाकर फुटकर मांस विक्रेताओं की दुकानों औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें प्राप्त शिकायत एवं अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश किया गया। जिसमें मांस विक्रेताओं को हिदायत दी गई कि वह मांस विक्रय करने का कार्य शहर सीमा के अंदर ही कारे । किसी भी विक्रेता के द्वारा यदि शहर से बाहर मांस विक्रेता हेतु परिवहन किया गया तो संबंधित विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई करेंगे लाइसेंस भी निरस्त करने की चेतावनी दी। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया गया कि हमने मांस की दुकानों पर विशेष रूप से साफ सफाई बनाए रखने के दिशा-निर्देश देते हुए कहा कहीं भी लापरवाही मिली तो लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे कुछ विक्रेताओं के द्वारा शहर से बाहर मांस। बेचने का कार्य किया जा रहा है।

> ■ **विक्रेता यदि शहर से बाहर मांस बेचने हेतु परिवहन करते पाए गए तो संबंधित विक्रेता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी**

### स्व-सहायता समूह ने सहभागिता निभाई

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में विदिशा जिले की महिला स्व-सहायता समूहों की 74 सदस्यों ने सहभागिता निभाई है। मध्यप्रदेश आजिविका मिशन के जिला समन्वयक संजय चैरसिया ने बताया कि भोपाल के मिंटो हाल में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री जी व अन्य के उद्बोधन को सीधा देखा सुना वहीं महिला पत्रकारों ने उनसे संवाद कर विदिशा जिले में समूहों की विशेष उपलब्धियों को जाना है।

### प्रशासन ने शासकीय भूमि को अतिक्रमण कराया

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश पर तहसीलदार भारत नायक के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सीहोर तहसील के ग्राम हैदरगंज में शासकीय भूमि से कब्जा हटाया गया। यह भूमि खेल मैदान के लिए आवंटित की गई थी। जिस पर बलराम पिता बाबूलाल, रघुवीर पिता रामदयाल ने अनाधिकृत कब्जा कर रखा था तथा महेश पिता रामसिंह द्वारा अनाधिकृत कब्जा कर पक्के मकान का निर्माण कर लिया था। जिसे टीम द्वारा जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया एवं अतिक्रामकों से शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

**मेट्रो एंकर** न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ, भरण-पोषण और पारिवारिक विवादों के प्रकरण भी प्राथमिकता से निपटाए

# आपसी सहमति से पुराने मामलों का हुआ निराकरण, नपा ने वसूले 482867

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ ना तुम जीते ना हमारे की तर्ज पर मामलों में सुलझा हुई । लोक अदालत का शुभारंभ न्यायाधीश श्रीमती पल्लवी ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया नेशनल लोक अदालत में न्याय दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पल्लवी के न्यायालय में 18 चेक बाउंस एवं 22 अपराधिक प्रकरण एवं पति-पत्नी विवाद भरण पोषण संबंधी 6 मामले दो अंडरस्टैंड चेक बाउंस के मामले पक्षकारों की आपसी सहमति से निराकरण हुआ नगर पालिका परिषद के जलकर संपत्ति कर के 109 मामले निराकृत किए गए जिसमें नगर पालिका परिषद को



4828 67 रुपए की वसूली हुई तथा न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री अंकित जैन के न्यायालय में पांच अपराधिक दो मामले पति पत्नी भरण पोषण संबंधी तीन चेक बाउंस के मामलों में पक्षकारों की सहमति से मामले निराकृत किए गए शायरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत के 137 मामले निराकृत हुए इन मामलों में विद्युत मंडल को 20 लाख 32 हजार रुपए की आमदनी हुई मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा मैनेजर कुमारी सेजल सोनी राजीनामा करने वाले पक्षकारों को पौधे भेंट किए गए। इस दौरान अभिभाषक कपिल त्यागी, अवध नारायण श्रीवास्तव , काशीराम रघुवंशी,मदन मोहन गुजराती, मोहन शर्मा ,अशोक शर्मा, मुस्ताक खान गोरी ,सचिन शर्मा ,नीरज श्रीवास्तव, आशीष भृगु ,नितिन मित्तल, सुरेंद्र रघुवंशी आदि मौजूद थे।

### विदिशा में 3164 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**विदिशा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में और विशेष न्यायाधीश एवं समन्वयक नेशनल लोक अदालत जी.सी. शर्मा के निर्देशन में आज जिला एवं तहसील स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन संपन्न हुआ। जिला मुख्यालय विदिशा पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रजवल्लित कर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, स्टॉफ एवं पक्षकारगण सम्मिलित हुए। विदिशा जिला मुख्यालय पर आयोजित नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जाकिर हुसैन ने कहा की न्याय की सबसे सरल सहज विधा लोक अदालत है। इस वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत कई मायनों में अहम है आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी है निश्चित ही यह यादगार पल सभी के जीवन में बना रहे। न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा श्री नितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिये 26 खण्डपीठों का गठन किया गया था जिसमें आपराधिक शमनीय प्रकरण, सिविल प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, राजस्व प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, विद्युत, जल एवं संपत्तिकर संबंधी प्रकरणों, बीएसएनएल तथा बैंकों के वसूली से संबंधित निराकरण हेतु प्रस्तुत किये गये। आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित 591 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 10. एन आई एक्ट के 172, फौजदारी, फौजदारी अपील 165, वैवाहिक 18, दीवानी प्रकरण 34, विद्युत प्रकरण 150 एवं अन्य प्रकरण 42 है। जबकि 2573 प्रीलिटीगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया गया है। इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित, प्रीलिटीगेशन के कुल 3164 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामें के आधार पर किया गया। इन प्रकरणों में समझौता राशि 82269528 रूपये है।

### सात वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी हुए साथ



**गंजबासौदा।** वर्ष 2018 से अलग रह रहे पति-पत्नी को नेशनल लोक अदालत में अनुराग द्विवेदी प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा समझौता हेतु समझाईश दी गई। इसके उपरांत पति पत्नी एक साथ रहने के लिए तैयार हुए। न्यायाधीश द्वारा उभय पक्ष को जामफल का पौधा उपहार स्वरूप दिया गया। तथा दोनों पक्षों को समझाइश दी गई कि वे पौधे का उचित जगह रोपण करें और देखभाल करें। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में एक परिवार का मिलन संपन्न हुआ। लोक अदालत का एक ही नारा, ना कोई जीता ना कोई हारा, इस अवसर पर अपरलोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह राजपूत, मंजू कुशवाहा, सीएल कुशवाह, आशीष माथुर, बृजेश रघुवंशी, रितेश तिवारी, दीपक जैन उपस्थित रहे।

Life&Style

# हृदय रोग और डिमेंशिया से बचाएगा अच्छा भोजन



*आहार को स्वस्थ-पौष्टिक रखना बेहतर सेहत के लिए जरूरी माना जाता है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं- हरी पत्तेदार सब्जियों-मौसमी फलों के साथ दैनिक आहार में नट्स और सीड्स को शामिल करके सेहत को ठीक रखा जा सकता है। एक हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने खाने के तेल में बदलाव करने की सलाह दी है। शोधकर्ताओं ने बताया- आप खाने के लिए अन्य तेलों की जगह ऑलिव ऑयल (जैतून के तेल) को शामिल कर लेते हैं तो इस एक बदलाव से कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ पाए जा सकते हैं।*

## डिमेंशिया रोगियों के लिए फायदेमंद है ऑलिव ऑयल

हार्वर्ड विश्वविद्यालय सहित शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने ऑलिव ऑयल के सेवन से मस्तिष्क को होने वाले फायदों के बारे जानने की कोशिश की। इसके लिए 28 वर्षों तक अमेरिका में 92,000 से अधिक वयस्कों के डेटा का अवलोकन किया गया। शोध के आधार पर अध्ययन के लेखकों ने कहा- प्रतिदिन कम से कम सात ग्राम ऑलिव ऑयल का सेवन करने से डिमेंशिया के कारण मृत्यु का जोखिम 28 प्रतिशत कम हो सकता है। महिलाओं में इसके विशेष लाभ देखे गए हैं। डिमेंशिया उन बीमारियों का समूह है जिसमें याद रखने, सोचने और निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो जाती है। समय के साथ इसके कारण जीवन की गुणवत्ता पर भी नकारात्मक असर होने का खतरा रहता है। हृदय स्वास्थ्य के साथ-साथ शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि ऑलिव ऑयल का सेवन संज्ञानात्मक शक्ति को बेहतर रखने में भी मदद करती है। अध्ययन में पाया गया है कि ऑलिव ऑयल के नियमित सेवन से हृदय रोग और डिमेंशिया दोनों के कारण होने वाले मृत्यु का जोखिम कम हो सकता है।



### हृदय रोगों का खतरा कम

ऑलिव ऑयल से होने वाले स्वास्थ्य लाभ को जानने के लिए अमेरिकन हार्ट ऑर्गनाइजेशन द्वारा किए गए एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन आधा चम्मच जैतून के तेल का सेवन करने से हृदय रोगों का खतरा कम हो सकता है। जो लोग प्रतिदिन आधा चम्मच से अधिक मात्रा में इस तेल का सेवन करते थे उनमें हृदय रोग, अल्जाइमर रोग और अन्य कारणों से समय से पहले मौत की दर उन लोगों की तुलना में कम थी।

चैंपियंस ट्रॉफी में आज इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबला

# रोहित शर्मा टॉस हारे तो भारत को फायदा, हारने वाली टीमों ने जीते मैच

**दुबई, एजेंसी**

चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के फाइनलिस्ट टीमें तय हो चुकी हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज दोपहर 2ः30 बजे से दुबई इंटरनेशनल में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को, जबकि न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। खिताबी मुकाबले में जीत की संभावना जानने के लिए हमने चैंपियंस ट्रॉफी के पिछले 8 फाइनल के ट्रेंड को 5 पैरामीटर्स में एनालाइज किया।

पिछले 4 फाइनल टॉस हारने वाली टीमों ने जीते फाइनल मुकाबले में टॉस की अहमियत खास रही है। अब तक खेले गए 8 मुकाबले में टॉस जीतने वाली टीमों ने 3 मुकाबले जीते, जबकि टॉस गंवाने वाली टीमें 4 बार चैंपियन बनीं। एक मुकाबला बेनतीजा रहा, 2002 में श्रीलंका और भारत की टीमें संयुक्त विजेता रही थीं। 2006 से टॉस हारने वाली टीमें लगातार चैंपियन बन रही हैं। 1998, 2000 और 2004 के फाइनल मैच टॉस जीतने वाली टीमों ने जीते। फाइनल टॉस जीतने वाली टीमों के नाम रहे, जबकि 57 फीसदी खिताबी मुकाबले टॉस हारने वाली टीमों ने जीते।

चेज करने वाली टीमों ने 63त्न फाइनल जीते फाइनल मैच का रिजल्ट टॉस के फैसले पर भी काफी हद तक निर्भर रहा है। अब तक 8 में से 2 ही फाइनल पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते, जबकि 5 मुकाबले दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीमों के नाम रहे। एक मैच बेनतीजा रहा। टूर्नामेंट के शुरुआती 6 में से 5 एडिशन (1998, 2000, 2004, 2006, 2009) में फाइनल के सभी स्कोर चेज हुए, जबकि 2013 और 2017 के खिताबी मुकाबलों में पहली पारी में बैटिंग करने वाली टीमें स्कोर डिफेंड करने में कामयाब



रहीं। चैंपियंस ट्रॉफी के 7 फाइनल में 71 फीसदी बार टारगेट चेज हुए, जबकि 29 फीसदी स्कोर डिफेंड हुए। टूर्नामेंट का सबसे छोटा डिफेंड 129 रन है, जो इंडिया ने 2013 में इंग्लैंड के खिलाफ किया था। हालांकि, बारिश के कारण यह मुकाबला 20-20 ओवर का खेला गया था। फाइनल का सबसे बड़ा चेज 264 रन है। जो न्यूजीलैंड ने 2000 में भारत के खिलाफ 49.4 ओवर में कर लिया था।

**पहली पारी का एवरेज स्कोर:** 219 रन पहली पारी का एवरेज स्कोर पहली पारी में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल का एवरेज स्कोर 219 रन रहा। फाइनल में पहली पारी का सबसे छोटा स्कोर 138 रन है, जो वेस्टइंडीज ने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया था। जबकि 338 रन का हाईएस्ट स्कोर पाकिस्तान ने 2017 में भारत के खिलाफ बनाया था। पहली पारी का एवरेज स्कोर निकालने के लिए सभी फाइनल की पहली पारी के स्कोर को जोड़ा और उसमें 8 का भाग दिया।

**विनिंग टोटल:** 300+ स्कोर फाइनल में विनिंग टोटल टूर्नामेंट के इतिहास में फाइनल मैच में सिर्फ एक बार 300+ का स्कोर बना है। जो पाकिस्तान ने 2017 के फाइनल में भारत के खिलाफ बनाया था। टीम ने 180 रन की जीत हासिल की थी। 2013 में भारत ने भी पहले बैटिंग करते हुए जीत हासिल की थी। होम टीम एक बार चैंपियन बनी, 3 फाइनल खेले अब तक 7 देशों ने चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की है। इनमें बांग्लादेश, केन्या, श्रीलंका, इंग्लैंड, भारत, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड शामिल हैं। इस बार की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। श्रीलंका ने अपने घरेलू मैदान पर टाइटल जीता था। टीम 2002 में भारत के साथ संयुक्त विजेता रही थी। मेजबान इंग्लैंड ने 2 बार (2004, 2013) फाइनल में जगह बनाई, लेकिन खिताब नहीं जीत सकी। इंग्लैंड को वेस्टइंडीज और भारत ने उसी के घर में हराया था। टीमों ने न्यूट्रल वेन्यू पर खिताब जीते। इनमें साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश, न्यूजीलैंड ने केन्या, पाकिस्तान ने इंग्लैंड में खिताब जीते। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका और भारत में खिताब जीते हैं। टॉस जीतने वाली टीम को फायदा टूर्नामेंट के पिछले 4 फाइनल टॉस हारने वाली टीम ने जीते हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी पिछले 11 मुकाबलों में टॉस हार चुके हैं। अगर रोहित शर्मा फाइनल मुकाबले का टॉस हार जाते हैं। तो इस ट्रेंड के अनुसार, टीम की जीत के चांस ज्यादा होंगे। इतना ही नहीं, 265 से 300 का टारगेट विनिंग टोटल साबित हो सकता है, क्योंकि टूर्नामेंट का सबसे ब?ा रन चेज 264 रन का है, जो न्यूजीलैंड ने ही भारत के खिलाफ 2000 में किया था। दुबई की पिच बैटिंग के लिए कठिन साबित हो रही है। यहां चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के 4 मैच हुए। धीमी पिच होने की वजह से 4 में से 1 में मैच में ही 250 प्लस स्कोर बना है।

**टेनिस: अमरीका की बर्नार्डा पेरा को हराया**

## जीत के साथ इगा स्विटेक इटालियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंची

**रोम, एजेंसी**

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विटेक ने इटालियन ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। चार ग्रैंड स्लेम खिताब जीतने वाली पोलैंड की 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अमरीका की 29 वर्षीय बर्नार्डा पेरा को एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 6-0, 6-2 से हराया। स्विटेक ने चौथी बार टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। डब्ल्यूटीए-1000 स्पर्धाओं में लगातार 20वीं शुरुआती मैच में जीत हासिल की है। मातृत्व अवकाश के बाद अब 173वें नंबर पर है, उसने आठ ऐस लगाए और अपने प्रतिद्वंद्वी के 10 के मुकाबले 27 विनर्स लगाए। उसका अगला मुकाबला 19वीं वरीयता प्राप्त मार्ता कोस्त्युक से होगा, जो क्ले के फाइनल में पहुंच गई है। हाल ही में जर्मनी के स्टटगार्ट में घटना। इसके अलावा, क्वालीफायर बर्नार्डा पेरा ने साथी अमेरिकी कैरोलिन डोलेहाइड को 7-6(6), 6-3 से हराया और अब उनका सामना शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्विएटेक से होगा; मैग्डा लिनेट ने झू लिन को 6-3, 6-2 से हराया; ब्रेंडा फ्रुहविर्टोवा ने टेलर टाउनसेंड को 3-6, 6-2, 6-0 से हराया; और लेसिया सुरेंको ने डोना वेकिक को 6-2, 3-6, 7-6(5) से हरा दिया। पुरुषों की कार्रवाई में, अर्जेंटीना में जन्मे इतालवी लुसियानो डार्डेरी को कैम्पो सेंट्रल पर डेनिस शापोवालोव पर 6-7(4), 7-6(4) की जीत में मजबूत भीड़ का समर्थन मिला।

**रोनाल्डो ने इस सीजन लीग में 33वां गोल दागा**

## सऊदी प्रो लीग: ब्रोजोविक व रोनाल्डो के गोल से जीता अल-नासर

**नजरान, एजेंसी**

ब्रोजोविक के दो गोल और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के एक गोल की बदौलत यहां खेले गए सऊदी अरब प्रो लीग 2023-24 में अल-नासर ने अल ओखदूद को 3-2 से मात दी। 5 बार के बैलन डी ओर विजेता ने इस सीजन लीग में 33वां जबकि सभी प्रतियोगिताओं में 48वां गोल दागा।

अल नासर 77 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। मार्सेलो ब्रोजोविक ने मुकाबले के 7वें मिनट में गोल दाग अल नासर को बढ़त दिलाई, जिसे रोनाल्डो ने 15वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। लेकिन दूसरे हाफ मेंहसन अल हबीब के 60वें मिनट और सेवियर



गॉडविन के 70वें मिनट में किए गए गोल से अल ओखदूद ने मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। ऐसे में स्टापेज टाइम में ब्रोजोविक ने गोल कर अल नासर को जीत दिलाई।

**मेट्रो एंकर** — अप्रैल के पहले हफ्ते तक फिट होने की उम्मीद

# बुमराह शुरुआती आईपीएल मैच नहीं खेलेंगे पेसर मयंक के साथ बेंगलुरू में रिकवरी जारी

**मुंबई. एजेंसी**

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और लखनऊ सुपर जायंट्स के पेसर मयंक यादव इस सीजन शुरुआती आईपीएल मैच मिस सकते हैं। दोनों तेज गेंदबाज बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं। सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि बुमराह की मेडिकल रिपोर्ट ठीक है। उन्होंने ष्टह्रश्व में गेंदबाजी फिर से शुरू कर दी है। हालांकि, आईपीएल की शुरुआत में उनके गेंदबाजी करने पर अभी संदेह है। वह अप्रैल के पहले सप्ताह में वापसी कर सकते हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे बुमराह बुमराह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट मैच में चोटिल हो गए थे। लोअर बैक इंजरी के चलते बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से भी वह बाहर हो गए थे। मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे मांसपेशियों के खिंचाव से परेशान हैं। मयंक ने डेब्यू मैच में ही सबसे तेज गेंद फेंकी मयंक ने पिछले साल लखनऊ सुपर जायंट्स से आईपीएल में डेब्यू। मयंक ने 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वे डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले पेसर बने। हालांकि, मयंक के नाम की चर्चा इस वजह से नहीं हुई कि उन्होंने 3 विकेट लिए या प्लेयर ऑफ द मैच बने। 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की गेंद ने उनका नाम क्रिकेट प्रेमियों की जुबान पर लाया। उन्होंने पंजाब किंग्स खिलाफ अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद की रफ्तार से गेंद फेंकी।



**मनोरंजन** — बॉलीवुड का कोना

## शरद ने डबिंग के अनुभवों को किया साझा

# बाहुबली- क्राउन ऑफ ब्लड' के बाहुबली हैं राजामौली के प्रशंसक



अभिनेता शरद केलकर ने एस एस राजामौली की एनिमेटेड सीरीज 'बाहुबली- क्राउन ऑफ ब्लड' के अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि फिल्म और एनिमेटेड फिल्म की डबिंग में कितना अंतर होता है।

अभिनेता शरद केलकर ने एसएस राजामौली की एनिमेटेड सीरीज में डबिंग के दौरान आई चुनौतियों के बारे में अपने अनुभव साझा किए। शरद केलकर बॉलीवुड के शानदार अभिनेताओं में से एक माने जाते हैं। आलोचक और प्रशंसक दोनों ही उनके अभिनय की सराहना करते हैं। राजामौली की फिल्म 'बाहुबली' की भव्य सफलता ने तेलुगु सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। 'बाहुबली' फिल्म में अमरेंद्र बाहुबली और महेंद्र बाहुबली के किरदार को अभिनेता शरद केलकर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म की शानदार सफलता के बाद इसके एनिमेटेड वर्जन पर काम किया गया, जिसमें शरद केलकर ने ही अमरेंद्र बाहुबली के किरदार की डबिंग की। अभिनेता ने एक साक्षात्कार में डबिंग के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि फिल्म और एनिमेटेड फिल्म की डबिंग में बहुत अंतर होता है। इस दौरान उन्होंने डबिंग के दौरान आई चुनौतियों पर भी चर्चा की। दोनों के बीच अंतर समझाते हुए अभिनेता ने कहा कि जब आप फिल्म की शूटिंग करते हैं तो आपके पास लोकेशन, सह-कलाकार, कैमरा, कॉस्टयूम और बहुत सारी चीजें होती हैं, लेकिन जब आप एनिमेशन के लिए डबिंग करते हैं तो आपके सामने सिर्फ एक माइक होता है। आपको माहौल, अभिनेता की आवाज, परिस्थिति और टोन बिना कॉस्टयूम के हर चीज की कल्पना करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि यह चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसमें मजा भी आता है। एसएस राजामौली ने अभिनेता से जब एनिमेटेड फिल्म के लिए संपर्क किया तो उस दौरान अपनी प्रतिक्रिया को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'मेरा पहला विचार यही था कि मैं फिल्मों का शौकीन हूं। मैंने बहुत सी फिल्में देखी हैं, खासकर दक्षिण भारतीय फिल्में और मैंने राजमौली जी की लगातार दो फिल्में देखी हैं, 'मगाधीरा', मक्खी' यह दोनों फिल्में बिल्कुल अलग है।'

## शाहिद कपूर की साली बनकर जीता था अमृता ने दिल



'विवाह' फिल्म में छोटी का किरदार निभाने वाली अमृता प्रकाश ने अपनी मासूमियत से लोगों का दिल जीत लिया था। फिल्मों में सिंपल दिखने वाली एक्ट्रेस अब रियल लाइफ में काफी ग्लैमरस हैं। आपने अपनी लाइफ में एक न एक बार 'विवाह' फिल्म जरूर देखी होगी। फिल्म में पूनम और प्रेम की जोड़ी को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में इस जोड़ी के आलावा एक और किरदार को लोगों ने बहुत प्यार दिया था। हम बात कर रहें हैं फिल्म में छोटी का किरदार निभाने वाली अमृता प्रकाश की। 'विवाह' फिल्म में उन्होंने सांवले रंग और सिंपल जीवन जीने वाली लड़की का किरदार निभाया था। आज एक्ट्रेस अपना 36 जन्मदिन मना रहीं हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस अमृता प्रकाश का जन्म 12 मई 1987 को राजस्थान के जयपुर में हुआ। इसके बाद उनका परिवार मुंबई में शिफ्ट हो गया। अमृता ने 4 साल की उम्र में पहली बार कैमरे का सामना किया था। अमृता प्रकाश ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत बाल कलाकार के तौर पर 'तुम बिन' फिल्म से की थी। उन्होंने बाद में मलयालम फिल्मों में भी काम किया था। वे डाबर और ग्लूकोन डी जैसे कई बड़े ब्रांड्स के विज्ञापनों में नजर आ चुकी हैं।

### 'विवाह' फिल्म से चमकी थी एक्ट्रेस की किस्मत

आपको बता दें कि अमृता प्रकाश ने एक इंटरव्यू में बताया था कि 'विवाह' फिल्म उनके करियर में मील का पत्थर साबित हुई थी। फिल्म में निभाए 'छोटी' के किरदार ने उनके करियर की कायापलट ही कर दी।' साल 2020 में अमृता प्रकाश टीवी शो 'पटियाला बेब्स' में नजर आई थीं। इसके बाद वो किसी सीरियल या फिल्म में नजर आईं।

## कैंसर का पता चलने के बाद दोस्तों और करीबियों ने छोड़ दिया साथ, छलका 'मल्लिका जान' का दर्द



मनीषा कोइराला ने कैंसर से जुड़े अपने बुरे अनुभवों का खुलासा किया है और बताया कि बीमारी का पता लगने के बाद अभिनेत्री के करीबियों ने उनका साथ छोड़ दिया था। एक साक्षात्कार में, अभिनेत्री ने कहा कि जिन लोगों को वह अपना करीबी दोस्त मानती थीं, उन्होंने बीमार पड़ने पर उनसे मुंह मोड़ लिया। उस कठिन समय में केवल उनका परिवार ही उनके साथ खड़ा रहा। मनीषा ने बताया कि यहां तक कि जब वह कैंसर से जूझ रही थीं, तब उनके वह दोस्त उनसे मिलने तक नहीं आए, जिसे वह अपने करीबियों में गिनती थीं। अभिनेत्री ने बताया कि इस बीमारी से जूझने के बाद उन्होंने थेरेपी ली और इससे उन्हें काफी मदद मिली। मनीषा ने आगे इंटरव्यू में पूछा गया कि लोगों के बदलते व्यवहार का उन पर क्या असर पड़ा। इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा, यह एक यात्रा रही है। यह एक सीखने वाला अनुभव भी रहा है। मुझे सच में विश्वास हो गया था कि मेरा कई दोस्त हैं। मैंने सोचा कि एक साथ पार्टी करना, एक साथ यात्रा करना, एक साथ मौज-मस्ती करने के बाद लोग मेरे दर्द में मेरे साथ बैठेंगे। ऐसा नहीं था। लोग अपना दर्द तो दूर, किसी का दर्द लेकर भी नहीं बैठ पाते। अभिनेत्री ने आगे कहा, हम हमेशा दर्द महसूस न करने के बहाने ढूंढने की कोशिश करते हैं। हम दर्द से बचना चाहते हैं। यह मानव स्वभाव है। मैंने खुद को बहुत अकेला पाया और मुझे एहसास हुआ कि केवल मेरा परिवार ही उस बुरे समय में मेरे आसपास था। बात करें हीरामंडी की तो कि इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल, अदिति राव हैदरी, ताहा शाह बदुशाह, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन जैसे कई सितारे अहम भूमिका में नजर आए हैं।

संजय दत्त पर आधारित फिल्म 'द वर्जिन ट्री' को लेकर आया अपडेट

## नवनीत की भूमिका संजय के 'रॉकी' लुक से प्रेरित



एक्टर नवनीत मलिक ने अपकमिंग फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म में उन्होंने संजय दत्त के जवानी के दिनों को पर्दे पर उतारा है। एक्टर ने कहा कि रणबीर कपूर के फिल्म 'संजू' में संजय की भूमिका के बाद फिर उसी चरित्र को निभाना उनके लिए सम्मान की बात है। फिल्म में नवनीत की भूमिका संजय के 'रॉकी' लुक से प्रेरित है, जो उनके किरदार की प्रामाणिकता को और बढ़ाता है। फिल्म में अनुभव के बारे में नवनीत ने कहा, संजय दत्त के जवानी के दिनों को पर्दे पर उतारना मेरे लिए अविश्वसनीय यात्रा रही है। रणबीर कपूर के बाद संजय दत्त की भूमिका को निभाना मेरे लिए बड़ा सम्मान है। उन्होंने आगे कहा, संजय के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। वह न सिर्फ एक अद्भुत अभिनेता हैं, बल्कि एक अद्भुत इंसान भी हैं। शूटिंग का अनुभव शानदार था। बता दें 'द वर्जिन ट्री' की शूटिंग मुंबई और पुणे में हुई है। सिद्धांत कुमार सचदेव द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है। फिल्म मेकर्स की 'द वर्जिन ट्री' रिलीज को लेकर कोई अपडेट नहीं दिए हैं।

### कोलार थाना क्षेत्र स्थित जेके अस्पताल की छत से पीड़ित युवक ने छलांग लगाई

# कैंसर की जंग से तंग होकर मरीज ने तीसरी मंजिल से कूदकर दी जान

**तीसरी स्टेज के कैंसर का दो बार हो चुका था ऑपरेशन**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित जेके अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदकर कैंसर के मरीज ने आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार रात करीब 3 बजे की है। मृतक केंसर से पीड़ित था, उसका कैंसर की तीसरी स्टेज का चल रहा था।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। बताया जाता है की मरीज का हाल ही में ऑपरेशन हुआ था। उसके टांके भी नहीं कटे थे और वह घर जाने की जिद कर रहा था। जानकारी के अनुसार

राजेश कुमार ठाकूर (34) मूलरूप से राजगढ़ का रहने वाला था और खेती- किसानी करता था। राजेश को करीब एक साल से आतों का कैंसर था। उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसके दो ऑपरेशन हो चुके थे। परिजनों ने बताया कि वह बीमारी से परेशान हो गया था और तनाव में रहने लगा था। राजेश का कैंसर तीसरे स्टेज पर पहुंच गया था। उसका ऑपरेशन 28 फरवरी को जेके अस्पताल में हुआ था। वह कैंसर वार्ड में भर्ती था। शुक्रवार रात परिजन वार्ड के बाहर बैठे हुए थे। रात करीब 3 बजे अचानक राजेश उठा और खिड़की की तरफ दौड़ने लगा, डॉक्टर और परिजनों ने देख कर उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह तीसरी मंजिल से कूद गया और बेसमेंट में जा गिरा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपा।

## घर के पास बेसुध मिले युवक की मौत

**भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित घाटखेड़ी में घर के पास बेसुध मिले युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार विनोद पंथी (45) ग्राम घाटखेड़ी में रहता था और मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम को वह घर के पीछे बेसुध मिला। परिजन उसे इलाज के लिए तत्काल ही निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

## चक्कर आने के बाद युवक की मौत

**भोपाल।** बजरिया इलाके में चक्कर आने के बाद एक युवक जमीन पर लेट गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक विजय नगर में रहने वाला आकाश (32) एक कालेज में साफ-सफाई का काम करता था। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह मोहल्ले में था, तभी उसे अचानक चक्कर आया। चक्कर आने पर आकाश जमीन पर बैठ गया और कुछ ही देर में लेट गया। आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि अटैक आने के कारण आकाश की मौत हुई है। हालांकि सही कारणों का खुलासा पीएम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित राम नगर कॉलोनी में शनिवार सुबह एक युवती ने अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन उत्तर प्रदेश के महोबा से भोपाल के लिए निकल गए है। रविवार को उनकी मौजूदगी में शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार ममता पिता कमलापत (20) राम नगर कॉलोनी शाहजहांनाबाद में अपनी बड़ी बहन के साथ किराए से रहती थी। दोनों बहनें घरों में साफ सफाई का काम करती थी। ममता की एक ब?ी बहन हीराबाई उनसे अलग मोहल्ले में अपने परिवार के साथ रहती है। हीरा बाई ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह मझली बहन बाथरूम में थी। इस दौरान छोटी बहन ममता ने पंखे पर फंदा बनाकर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही वह उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। वह ममता को घर ले आए। इधर सूचना मिलते ही पुलिस ममता के घर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया।

# तरावली मंदिर से दर्शन करके लौटी गर्भवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत




**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित गोपाल नगर पलासी में एक गर्भवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेसुध होने पर पति उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बेसुध होने से पूर्व वह पति के साथ बैरसिया के तरावली मंदिर से दर्शन कर लौटी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। एएसआई प्रेमनारायण ठाकुर ने बताया कि 27 साल की अनुसुईया साहू बैरसिया की रहने वाली थी। वर्ष 2019 में उसकी शादी गोपाल नगर पलासी थाना निशातपुरा निवासी अमित साहू से हुई थी। अमित साहू आटो चलाता है। उसने पुलिस को बताया कि उसका चार साल का बेटा क्रिश है। उसकी पत्नी अनुसुईया गर्भवती थी और उसे तीन महीने का गर्भ था। उसने मन्नत मनाई थी, जिसे पूरा कराने वह बाइक से अनुसुईया को लेकर तरावली मंदिर ले गया था। वहां से 11 बजे के आसपास अमित पत्नी और बच्चे के साथ लौट आया। कुछ देर बाद ही अनुसुईया की तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेसुध हो गई। अमित उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां कुछ देर बाद ही डॉक्टर ने बताया कि अनुसुईया की मौत हो चुकी है। कुछ दिन से जुकाम और बुखार समेत खांसी की थी शिकायत अमित ने पुलिस को डॉक्टर का पर्चा दिखाते हुए बताया कि अनुसुईया को कुछ दिन से जुकाम, बुखार और खांसी आ रही थी। बीमार होने के कारण वह कमजोर हो गई थी। उसका डॉक्टर के पास इलाज भी चल रहा था।

# जहर पीकर छात्रा ने की थी आत्महत्या महिला समेत दोस्त पर भी प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कुटीर नगर में गुरुवार दोपहर इंजीनियरिंग छात्रा ने जहरीला पदार्थ पी लिया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने से पूर्व छात्रा ने परिजन को बताया था कि उसे एक महिला और युवक प्रताड़ित कर रहे थे। युवक उसके साथ मारपीट करता था। मरने से पूर्व परिजन ने उसका एक वीडियो भी बनाया था। वीडियो में छात्रा कह रही थी कि महिला और युवक ने उसे बर्बाद कर दिया है। पुलिस ने जांच के बाद महिला और युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 20 साल की साक्षी, कुटीर नगर छोला में रहती थी। गुरुवार को उसने जहरीला पदार्थ पी लिया। उसने मरने से पूर्व बताया कि सैज उर्फ और काजल के साथ मिलकर उसने बिजनेस शुरू किया था। बिजनेस में उन्होंने उसे धोखा दे दिया। इसके अलावा सैजल उसकी दोस्ती थी और प्रेम प्रसंग भी था। सैजल उसके साथ मारपीट करता था। आरोपियों से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया था। पुलिस ने वीडियो और परिजन के बयान के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# परिचित देनदार की प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने कुएं में लगाई छलांग

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम खजूरिया में युवक की कुएं में लाश मिलने के मामले में पुलिस ने परिचत के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि युवक ने उसके परिचित से रुपए उधार लिए थे। इसके लिए वह कई दिनों से युवक को प्रताड़ित कर रहा था। उसकी प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या की थी। प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक ग्राम खजूरिया में रहने वाला जसपाल उर्फ बंटी ठाकुर पुत्र रामदास (29) परिवार के साथ खेती-किसानी करता था। गांव में ही उनकी पुश्तैनी जमीन है जिस पर वे लोग खेती करते हैं। खेत में ही उनका एक कुआं भी है। 27 सितंबर 2024 को जसपाल घर से बाहर गया था लेकिन उसके बाद वह लौटा नहीं। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस और परिजन लगातार जसपाल की खोजबीन में लगे हुए थे। दो दिन बाद परिवार के रामभरोसे जाटव खेत में बने कुएं पर गए तो उन्हें पानी में जसपाल का शव उतराता दिखाई दिया। इसके बाद खबर मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जांच में सामने आया की गांव में ही रहने वाला मृतक का परिचित शैलेन्द्र सिंह दांगी उधारी के पैसे देने की बात पर जसपाल को लगातार मानसिक रुप से प्रताड़ित कर रहा था। इसी कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया था। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने शैलेन्द्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## घर में घुसकर रिश्तेदार ने किया दुष्कर्म

**भोपाल।** रातीबड़ पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार पर दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि आरोपी उसका रिश्तेदार है और पति समेत बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर दैहिक शोषण कर रहा था। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 30 साल की महिला गृहणी है। उसका पति मजदूरी करता है। गत वर्ष दिसंबर महीने में महिला घर पर अकेली थी, जबकि पति काम पर गया था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला रिश्तेदार घर में घुस गया और डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद वह जब भी मौका मिलता, महिला के घर में घुस जाता और बच्चों को जान से खत्म करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण करता। दो दिन पहले भी उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया था।

# फर्जी कॉल सेंटर के सरगना अफजल के बेटे पर एफआईआर

**एफआईआर के बाद थाना प्रभारी, एएसआई समेत अन्य शामिल पुलिसकर्मी हो गए भूमिगत**

**जांच के लिए एसआईटी का गठित, दो अलग-अलग एफआईआर की अलग-अलग एसीपी को सौंपी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग स्थित प्रभात चौराहा पर फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले सरगना अफजल से सांठगांठ कर रिश्वत में मोटी रकम लेने का मामला अब लगातार तूल पकड़ रहा है। प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

रिश्वतखोर थाना प्रभारी जितेंद्र गड़वाल, एएसआई पवन रघुवंशी समेत अन्य पुलिसकर्मियों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। जिसका नेतृत्व एसीपी निहित उपाध्याय करेंगे। वहीं इस मामले में अब दो एसीपी जांच कर रहे है। साइबर फ्रॉड करने को लेकर कॉल सेंटर पर हुई एफआईआर की जांच एसीपी सुरभि मीणा द्वारा की जाएगी। जबकि रिश्वतखोर पुलिसकर्मियों की जांच की जिम्मेदारी एसीपी निहित उपाध्याय को सौंपी गई है।

## रेड के दौरान मिले बेटे को नहीं किया था गिरफ्तार

एसआईटी पुलिसकर्मियों की संलिप्तता को लेकर जांच करेगी। साथ ही ये भी पता लगाएगी की इस प्रकरण में थाने के कौन-कौन पुलिसकर्मियों की संलिप्तता है। कॉल सेंटर पर जब रेड की गई थी उस दौरान मौके से सबसे पहले अफजल के बेटे अमान को पकड़ा गया था, उस दौरान उसे आरोपी नहीं बनाया गया था।

एसीपी सुरभि मीणा ने बताया कि मुख्य आरोपी अफजल के बयान और अमान के खातों में ठगी के पैसों के लेनदेन के सबूत मिलने के बाद उसे आरोपी बना लिया गया है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं सबूत मिलने के बाद और भी आरोपी मामले में बनाए जा सकते है।

## स्कॉर्पियो से भागे रिश्वतखोर पवन रघुवंशी की तलाश

एएसआई पवन रघुवंशी रिश्वत लेते हुए पकड़ाया था। बाद में उसने तबीयत खराब होने की बात कही और पुलिस ने रहम खाते हुए उसे छोड़ दिया। मामला आलाधिकारियों के संज्ञान में था और रात में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए तब तक पवन रघुवंशी फरार हो चुका था। सूत्रों ने बताया कि पवन रघुवंशी अपने एक रिश्तेदार के पास गया था। वहां से वह एक स्कॉर्पियों में बैठकर फरार हो गया। पुलिस ने उस वाहन को ट्रेस कर लिया है और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। प्रकरण में ऐशबाग थाना प्रभारी रहे जितेंद्र गड़वाल, एएसआई मनोज कुमार और प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह भी एफआईआर होने के बाद जमीदोज हो गए है। उनकी अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# टेलीग्राम पर टॉस्क पूरा करने का झांसा देकर नर्स से हड़पे पौने 2 लाख

**जालसाज ने नर्स को एक टेलीग्राम ग्रुप पर एड कर लिया और उसे विभिन्न टॉस्क पूरे करने को दिए**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बाग सेवनिया पुलिस ने महिला नर्स की शिकायत पर अज्ञात सायबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने टेलीग्राम पर टॉस्क पूरा करने और रकम दोगुना करने का झांसा देकर एक लाख 83 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए थे।**

पुलिस के मुताबिक सुरेन्द्र पैलेस बाग सेवनियां निवासी जयश्री मिश्रा पुत्री गिरीश मिश्रा (28) एक निजी अस्पताल में नर्स हैं। विगत 20 फरवरी को अज्ञात मोबाइल नंबर से उन्हें टॉस्क पूरा करने और अवार्ड में रकम डबल करने का झांसा दिया गया। आरोपी जालसाज ने नर्स को एक टेलीग्राम ग्रुप पर एड कर लिया और उस पर विभिन्न टॉस्क पूरे करने के लिए दिए। जयश्री मिश्रा ने शुरू में टॉस्क पूरे किए तो उन्हें मामूली रकम अवार्ड के रूप में दिए गए। इसके बाद बड़ा टास्क पूरा करने के नाम पर औपचारिकता पूरी करने के बहाने जयश्री मिश्रा को यूपीआई आईडी भेजकर अलग-अलग समय में एक लाख 83 हजार 752 रुपए अनजान खातों में ट्रांसफर करा लिए। रकम ट्रांसफर होते ही सायबर अपराधियों ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। ठगी का आभास होने पर नर्स ने बाग सेवनियां थाने में शिकायती आवेदन दिया था। जांच के बाद अज्ञात जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। यूपीआई आईडी व बैंक खातों की जानकारी निकालकर आरोपी की खोजबीन की जा रही है।

**विरोध में मोबाइल की लाइट से जुलूस...**




मप्र में महिलाओं पर अपराधों और हाल ही में भोपाल में दुष्कृत्य के एक मामले में अभाविप नेता पर लगे आरोपों के खिलाफ बीती रात जब एनएसयूआई ने आक्रोश मशाल मार्च निकालने की कोशिश की और पुलिस बल ने जुलूस निकालने से रोका तो एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मोबाइल फोन की लाइट जलाकर विरोध जताया।

**मेट्रो एंकर** | देर रात युवती से बात करने को लेकर हुआ था विवाद और चाकूबाजी

# हत्या के प्रयास मामले में गिरफ्तारी के बाद आरोपी की तरफ से दर्ज कराई शिकायत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सीआरपी गार्डन के पास युवती से बात करने को लेकर हुए विवाद के चलते हुई चाकूबाजी और मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने पहले एक पक्ष की ओर से जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था। उस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार जांच में खुलासा हुआ है कि छोला मंदिर



थाना क्षेत्र में रहने वाला निखिल शर्मा भानपुर के एक मेडिकल स्टोर पर काम करता है। विगत चार-पांच मार्च की दरमियानी रात करीब डेड़ बजे निवेश अशोका गार्डन स्थित सीआरपी गार्डन में एक युवती से बात कर रहा था। युवती उसकी गर्लफ्रेंड बताई जा रही है। युवती के साथ निखिल को खड़ा देख मोहल्ले में रहने वाले अंकुश, मोहित और कार्तिक वहां पहुंचे और आपत्तिजनक बातें करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर निखिल के साथ गाली-गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर कर लिया। हमले में निखिल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर और हाथ में चोटें आई हैं। निखिल की शिकायत पर ही पुलिस ने अंकुश, मोहित व कार्तिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## बात पर बढ़ा विवाद

पुलिस ने बताया कि सेमरा निवासी अंकुश बघेल (19) प्राइवेट काम करता है। मंगलवार-बुधवार की रात करीब डेड़ बजे वह अपने दोस्त कार्तिक के साथ घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि निखिल शर्मा सीआरपी मैदान के पास एक युवती से बात कर रहा है। अंकुश ने आधी रात को दोनों को देखा तो उसने निखिल और युवती से अपने-अपने घर जाने को कहा। उसका निखिल से विवाद हो गया। युवती के जाने के बाद विवाद बढ़ गया था।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस जिला भोपाल

क्रमांक/पु.उपा./न.पु. / भो / रनि / निविदा / 178 /25 दिनांकः- 05/03/2025

**खुली निविदा सूचना**

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022" के नियमानुसार कार्यालय पुलिस आयुक्त स्थित चाय-नास्ता केंटीन को किराये से देने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | विवरण | निविदा शुल्क | ईएमडी |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय पुलिस आयुक्त स्थित चाय-नास्ता केंटीन को किराये से देने हेतु | 1,000/- | 3600/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म०प्र० के नाम से बंद लिफाले में पुराना कंट्रोल रूम जहागीराबाद भोपाल में जमा करना होगा ।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी की राशि नगद जमा करना अनिवार्य है।
3. पुराना कंट्रोल रूम जहांगीराबाद भोपाल से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक | दिनांक 06/03/25 के 12.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 20/03/25 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 21/03/25 के 12.00 बजे |
| निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

G-23986/24 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"• पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नगरीय पुलिस, भोपाल



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022